अग्रवाल महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा दिनाँक 21 मार्च से 27 मार्च 2016 तक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशन एवं संरक्षण में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस शिविर का मूल विषय **स्वच्छ भारत अभियान व योगा** रखा गया. दिनाँक 21 मार्च, 2016 को सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्ज्वलन कर किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी, उनके साथ डॉ0 एस.के. चक्रवर्ती व संभाग द्वितीय की प्रभारी डॉ0 उषा अग्रवाल उपस्थित थे. श्री रविन्द्र जैन, इकाई प्रथम के इंचार्ज के द्वारा सात दिवसीय शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य व अन्य सभी का स्वागत किया. स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा सामाजिक कुरीतियों के प्रति व सड़क नियमों के प्रति जागरुकता को लेकर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. श्रीमती रेखा सैन, इकाई तृतीय इंचार्ज द्वारा सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की गई व साँची ने 2014 के अपने सात दिवसीय शिविर के अनुभवों को सांझा किया. स्वयंसेविका स्वाति चौबे ने सभी को एन.एस.एस. के उद्‌देश्यों को बताया, आशा ने राष्ट्रीय भक्ति गीत प्रस्तुत किया. डॉ0 उषा अग्रवाल ने स्वयंसेवक व सेविकाओं को प्रेरित करते हुए एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में बताया. मुख्य अतिथि डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अनुशासन व समर्पण की भावना रखने का संदेश दिया. अन्त में एन.एस.एस. इकाई द्वितीय की इंचार्ज श्रीमती रितु ने सभी का धन्यवाद किया. मंच का संचालन स्वयंसेवक कुणाल व उसके सहयोगी ने किया.